सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 361
12/04/2026

राज्यपाल ने राज्य स्तरीय एबकस प्रतियोगिता–2026 का उद्घाटन किया

पटना, 12 अप्रैल, 2026:– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन ने जेनियो एक्टिव एकेडमी एलएलपी द्वारा ज्ञान भवन, पटना में आयोजित राज्य स्तरीय एबकस प्रतियोगिता–2026 का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं और वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित और विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। आज का यह कार्यक्रम उनके भविष्य की आधारशिला बनेगा, क्योंकि एबकस सिर्फ गणितीय क्रियाओं को तेजी से करने का गणना उपकरण ही नही है, बल्कि इसके माध्यम से ज्ञान में वृद्धि के साथ–साथ सोचने एवं निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है। उन्होंने प्रतिभागी बच्चों के प्रति उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने परिश्रम के बल पर काफी आगे जाएँगे और अपने परिवार, राज्य और देश को गौरवान्वित करेंगे।

इस अवसर पर सिक्किम के पूर्व राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद सहित जेनियो एक्टिव एकेडमी एलएलपी के पदाधिकारीगण, प्रतिभागी बच्चे, उनके शिक्षकगण व अभिभावकगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....